पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

राज्यपाल ने राजभवन सचिवालय स्थित 'सचिवालय अभिलेखागार' का किया लोकार्पण

——————————

लखनऊः 15 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज स्वतंत्रता दिवस के पुनीत अवसर पर राजभवन सचिवालय स्थित 'सचिवालय अभिलेखागार' का लोकार्पण किया साथ ही प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण करने के उपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों को साफ–सफाई, अनुरक्षण तथा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करने के इंतेजाम करने के निर्देश दिये।

ज्ञातव्य है कि सचिवालय परिसर में जीर्णोद्धार करके रिकार्ड कीपिंग की बेहतर व्यवस्था हेतु अभिलेखागार बनाया गया है, जिसमें रिकार्ड कीपिंग के महत्व के दृष्टिगत उसे आधुनिक व्यवस्थाओं से सुसज्जित करते हुए काम्पैक्टर्स लगाये गये हैं, जिनकी मदद से रैकों को आसानी से आगे पीछे कर अभिलेख/रिकार्ड का अवलोकन किया जा सकता है।

इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव श्री बी0एन0 सिंह सहित राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

——————

राजभवन (60/60)

" चिवालय अभिलेखागार "
लोकार्पण
मती आनंदीबेन पटेल
श्री महेश कुमार गुप्ता
15 अगस्त, 2022 सोमवार